अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

01 Jan., 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **अर्जेंटीना ने ब्रिक्स की सदस्यता खारिज कर दी**



- अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली ने ब्रिक्स नेताओं को पत्र भेजकर ब्रिक्स में शामिल न होने के फैसले से अवगत कराया।
- अगस्त 2023 में, छह नए सदस्यों- अर्जेंटीना, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात को ब्रिक्स में शामिल किया गया।
- उनकी सदस्यता 1 जनवरी, 2024 से प्रभावी होने वाली थी।
- अपने चुनाव प्रचार के दौरान माइली ने ब्रिक्स में शामिल नहीं होने की कसम खाई थी। उन्होंने अमेरिका और इजराइल के प्रति भी अपना समर्थन जताया।
- **ब्रिक्सः**
- ब्रिक् शब्द 2001 में अर्थशास्त्री जिम ओ'नील द्वारा दिया गया था।
- यह ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन का एक समूह था।
- बाद में, दक्षिण अफ़्रीका "S" अक्षर जोड़कर समूह में शामिल हो गया।
- ब्रिक् की पहली लीडर बैठक 2009 में हुई थी।

2. **12वें दिव्य कला मेला-2023 का उद्घाटन गुजरात के सूरत में किया**




- दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग 29 दिसंबर 2023 से 7 जनवरी 2024 तक सूरत, गुजरात में एक अनूठा कार्यक्रम 'दिव्य कला मेला' आयोजित कर रहा है।
- यह दिव्यांगजनों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक अनूठी पहल है।
- लगभग 20 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगर/कलाकार और उद्यमी अपने उत्पादों और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।
- यह दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के उत्पादों और कौशल के विपणन और प्रदर्शन के लिए एक मंच है।
- दिव्य कला मेला, सूरत दिसंबर 2022 में दिल्ली से शुरू हुई श्रृंखला का 12वां मेला है।

3. **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को पांडिचेरी विश्वविद्यालय का पदेन चांसलर नियुक्त किया**



- जगदीप धनखड़ को पांडिचेरी विश्वविद्यालय का पदेन चांसलर नियुक्त किया गया है।
- उनकी नियुक्ति 5 दिसंबर से प्रभावी हो गई है।
- उन्हें पांडिचेरी विश्वविद्यालय अधिनियम 1985 के क़ानून 1(1) में संशोधन के बाद नियुक्त किया गया है।
- **पांडिचेरी विश्वविद्यालयः**
- यह शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है।
- इसकी स्थापना 1985 में संसद के एक अधिनियम द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय द्वारा की गई थी।
- गुरुमीत सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति हैं।

4. **गुजरात सरकार द्वारका में भारत का पहला पनडुब्बी पर्यटन शुरू करेगी।**



- गुजरात सरकार ने द्वारका में भारत की पहली पनडुब्बी आधारित अंडरवाटर पर्यटन सुविधा शुरू करने का निर्णय लिया है।
- इससे पर्यटकों को द्वारका में समुद्री जीवन का पता लगाने में मदद मिलेगी, जिसके बारे में माना जाता है कि यह समुद्र के नीचे खोया हुआ एक प्राचीन शहर है।
- राज्य सरकार ने इस परियोजना के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के साथ एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- भारत में पहली बार सबमरीन के जरिए अंडरवॉटर टूरिज्म सुविधा शुरू की जाएगी।
- पानी के अंदर समुद्री जीवन को देखने के लिए पर्यटकों को पनडुब्बी में समुद्र से 100 मीटर नीचे ले जाया जाएगा।
- प्रत्येक पनडुब्बी 24 पर्यटकों को ले जाएगी, और जहाज का नेतृत्व दो अनुभवी पायलट और एक पेशेवर चालक दल द्वारा किया जाएगा।

5. **जनरल एम एम नरवणे ने अपनी आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी का अनावरण किया**




- यह किताब 2020 में लद्दाख गतिरोध के दौरान महत्वपूर्ण क्षण का खुलासा करती है।
- पूर्व सेना प्रमुख ने अपने संस्मरण में लिखा है कि अग्निपथ योजना ने सेना को आश्चर्यचकित कर दिया था और यह नौसेना और वायु सेना के लिए 'अचानक झटका' था।
- जनरल नरवणे 31 दिसंबर 2019 से 30 अप्रैल 2022 तक सेना प्रमुख थे।

**6. 30 दिसंबर को पीएम मोदी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का उद्घाटन किया**



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को देश को आठ नई ट्रेनों की सैगात दी है.
- इसमें दो अमृत भारत और छह नई वंदे भारत ट्रेन शामिल हैं.
- इन सभी ट्रेनों को अयोध्या रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के कार्यक्रम के दौरान हरी झंडी दिखाई.
- कुछ ट्रेनों को अयोध्या से रवाना किया.
- वंदे भारत ट्रेन जहां दिल्ली, कानपुर, लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचेगी।
- वहीं दिल्ली से अयोध्या को जोड़ने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस दिल्ली से वाया गोरखपुर होकर दरभंगा जाएगी।
- अमृत भारत ट्रेन भारतीय रेल की नई ट्रेन है जो वंदे भारत की टेक्नोलॉजी पर ही काम करेगी। यह ऐसी ट्रेन होगी जिसमें सिर्फ जनरल और स्लीपर कोच होंगे।

**7. नासा ने 'गॉड ऑफ कैओस' क्षुद्रग्रह का अध्ययन करने के लिए एक मिशन शुरू किया**



- नासा ने 'गॉड ऑफ कैओस' क्षुद्रग्रह का अध्ययन करने के लिए एक मिशन शुरू किया है 'गॉड ऑफ कैओस' का अर्थ 'अराजकता के देवता' है।
- यह एक क्षुद्रग्रह है जो कि वर्ष 2029 में पृथ्वी के करीब से होकर गुजरेगा।
- हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इस क्षुद्रग्रह के अध्ययन के लिए फिर से मिशन शुरू किया है।

**8. राजस्थान कैडर की आईपीएस नीना सिंह सीआईएसएफ प्रमुख बनने वाली बनी पहली महिला अधिकारी**



- केंद्र सरकार ने राजस्थान कैडर की आईपीएस नीना सिंह को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल- सीआईएसएफ का महानिदेशक नियुक्त किया, जिससे वह इस विशिष्ट बल की प्रमुख बनने वाली पहली महिला बन गईं।
- नीना सिंह वर्तमान में सीआईएसएफ की विशेष महानिदेशक हैं।
- सीआईएसएफ के पास पूरे देश में हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो, सरकारी भवनों और रणनीतिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है।

**9. मणिन्द्र मोहन श्रीवास्तव राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हुए नियुक्त**



- सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने केन्द्र से पांच उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश की है। इनकी नियुक्ति राजस्थान,
- पंजाब और हरियाणा, गुवाहाटी, इलाहाबाद और झारखण्ड उच्च न्यायालय में की जाएगी।
- भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड, सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम के अध्यक्ष तथा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और बी. आर. गवई सदस्य हैं।
- राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति मणिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति शील नागू, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के लिए विजय बिष्णोई, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लिए अरुण भंसाली और झारखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में बी. आर. सारंगी के नाम की सिफारिश की गयी है।
-

**10. उज़्बेकिस्तान में आयोजित विश्व महिला रैपिड शतरंज चैंपियनशिप-2023 में कोनेरू हम्पी ने जीता रजत**



- उज़्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित विश्व महिला रैपिड शतरंज चैंपियनशिप- 2023 में भारत की ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने रजत पदक जीता है।
- रूस की अनास्तासिया बोडनारूक ने कोनेरू हम्पी को रोमांचक प्ले ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक और अपना पहला विश्व खिताब जीता।
- इससे पहले कोनेरू हम्पी ने 2012 में मॉस्को में आयोजित चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था।
- उन्होंने 2019 में विश्व चैम्पियनशिप का खिताब जीता।
- भारत की ओर से अब तक विश्वनाथन आनंद, कोनेरू हम्पी और सविता श्री विश्व रैपिड खिताब जीत चुके हैं।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. हाल ही में किसने ब्रिक्स की सदस्यता खारिज कर दी?**
(a) इथियोपिया
(b) अर्जेंटीना
(c) ईरान
(d) मिस्र

**2. हाल ही में किस शहर में 12वें दिव्य कला मेला-2023 का उद्घाटन किया गया है?**
(a) भोपाल में
(b) सूरत में
(c) नई दिल्ली में
(d) मुंबई में

**3. किसको पांडिचेरी विश्वविद्यालय का पदेन चांसलर नियुक्त किया है?**
(a) भोपाल में
(b) जगदीप धनखड़
(c) गुरुमीत सिंह
(d) इनमे से कोई नही

**4. कौनसी राज्य सरकार हाल ही में द्वारका में भारत का पहला पनडुब्बी पर्यटन शुरू करेगी?**
(a) उत्तर प्रदेश सरकार
(b) राजस्थान सरकार
(c) गुजरात सरकार
(d) इनमे से कोई नही

**5. किसने अपनी आत्मकथा "फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी" का अनावरण किया है?**
(a) जनरल मनोज पांडे
(b) जनरल एम एम नरवणे
(c) जनरल बिपिन रावत
(d) जनरल दलबीर सिंह सुहाग

**6. 30 दिसंबर को पीएम मोदी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का उद्घाटन किया। पहली ट्रेन अयोध्या को ___ से जोड़ेगी।**
(a) प्रयागराज
(b) वाराणसी
(c) गया
(d) दरभंगा

**7. 'गॉड ऑफ़ केओस' क्षुद्रग्रह को पृथ्वी की कक्षा के करीब पहुंचने पर रोकने के लिए नासा द्वारा एक अंतरिक्ष यान को फिर से लॉन्च किया गया, जो ____ में पृथ्वी के बहुत करीब से गुजरेगा।**
(a) 2027
(b) 2028
(c) 2029
(d) 2030

**8. हाल ही में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की प्रमुख बनने वाली पहली महिला कौन है?**
(a) वीटा दानी
(b) नीना सिंह
(c) गीतिक कौल
(d) मनीषा पाधी

**9. हाल ही में राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) मणिन्द्र मोहन श्रीवास्तव
(b) ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह
(c) शील नागू
(d) अरुण भंसाली

**10. हाल ही में विश्व महिला रैपिड शतरंज चैंपियनशिप - 2023 में कोनेरू हम्पी ने कौनसा पदक जीता है?**
(a) स्वर्ण
(b) रजत
(c) कांस्य
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (b) | (b) | (c) | (b) | (d) | (c) | (b) | (a) | (b) |